रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 403] नई दिल्ली, मंगलवार, नवम्बर 15, 2016/कार्तिक 24, 1938
No. 403] NEW DELHI, TUESDAY, NOVEMBER 15, 2016/KARTIKA 24, 1938

त्रिपुरा विश्वविद्यालय

अधिसूचना

त्रिपुरा, 11 नवम्बर, 2016

सं एफ- 37-3/2009-डेस्क (यू).—निम्नलिखित को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है:—

प्रथम अध्यादेश

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 के अंतर्गत, 2007 की सं. 9)

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित

संदर्भ सं.- एफ-37-3/2009-डेस्क(यू) दिनांक 1 मई, 2012)

अध्यादेश ए-1

विभाग/केन्द्र से अध्ययन संकाय मंडल तक के कार्य के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम,2006 की उपधारा 31 (1) (पी) के अधीन संविधि 15 के खंड 5 (ए) के साथ पढ़ा जाए)

प्रत्येक संकाय के अंतर्गत उल्लिखित विभाग/केन्द्र उसी संकाय हेतु निर्दिष्ट होंगे, जब कभी वे स्थापित किए जाएंगे :

1. **साहित्य संकाय :**
   - i. अंग्रेजी विभाग
   - ii. बांग्ला विभाग
   - iii. हिन्दी विभाग
   - iv. संस्कृत विभाग
   - v. भाषा-विज्ञान विभाग
   - vi. तुलनात्मक साहित्य विभाग

vii. कोकबरक एवं जनजातीय भाषा विभाग

2. प्राकृतिक विज्ञान के संकाय :

i. भौतिकशास्त्र विभाग
ii. रसायनशास्त्र विभाग
iii. गणित विभाग
iv. सांख्यिकी विभाग
v. वनस्पतिशास्त्र विभाग
vi. प्राणीशास्त्र विभाग
vii. मानव शारीरिकी विभाग
viii. भूगोल एवं आपदा प्रबंधन विभाग

3. समाजशास्त्र के संकाय :

i. व्यावहारिक एवं विश्लेषणात्मक अर्थशास्त्र विभाग
ii. इतिहास विभाग
iii. राजनीतिशास्त्र विभाग
iv. दर्शनशास्त्र विभाग
v. समाजशास्त्र विभाग
vi. लोक-प्रशासन विभाग
vii. मनोविज्ञान विभाग
viii. ग्रामीण प्रबंधन एवं विकास विभाग
ix. शिक्षाशास्त्र विभाग
x. गांधी अध्ययन केन्द्र
xi. महिला अध्ययन केन्द्र
xii. जनजातीय अध्ययन केन्द्र
xiii. समाजिक बहिष्कार एवं समावेश नीति अध्ययन केन्द्र

4. चिकित्सा विज्ञान के संकाय :

i. शरीर-रचना-विज्ञान विभाग
ii. औषध विज्ञान विभाग
iii. शारीर विज्ञान विभाग
iv. औषध विज्ञान विभाग
v. बाल चिकित्सा विज्ञान विभाग
vi. चिकित्सा जैव-रसायन विज्ञान विभाग
vii. प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग
viii. भेषज विज्ञान विभाग
ix. आंख, नाक व रतिज रोग विज्ञान विभाग
x. त्वजा एवं रतिज रोग विज्ञान विभाग
xi. शल्य-चिकित्सा विज्ञान विभाग

IndiaCode

xii. न्याय-चिकित्सा विज्ञान विभाग

xiii. मन:चिकित्सा विज्ञान विभाग

xiv. उपचर्या विभाग

xv. मानव आनुवंशिक रोग एवं रोग प्रतिरक्षण विज्ञान अध्ययन केंद्र

xvi. जड़ी-बूटी औषध विज्ञान अन्वेषण केन्द्र

5. वाणिज्य, विधि, प्रबंधन एवं सूचना विज्ञान के संकाय :

i. वाणिज्य विभाग

ii. व्यावसायिक प्रबंधन विभाग

iii. विधि विभाग

iv. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग

v. पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

6. अभियांत्रिकी एवं तकनीकी के संकाय :

i. संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग

ii. संगणक अनुप्रयोग विभाग

iii. विद्युत अभियांत्रिकी विभाग

iv. यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग

v. जानपद अभियांत्रिकी विभाग

vi. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग

vii. उत्पादन एवं औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग

viii. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

7. कृषि एवं पशु विज्ञान तथा वानिकी के संकाय:

i. कृषि विज्ञान विभाग

ii. वानिकी एवं जैव-विविधता विज्ञान वभाग

iii. उद्यान-विज्ञान विभाग

iv. मत्स्य विज्ञान विभाग

v. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विभाग

8. संगीत एवं ललित कला के संकाय :

i. संगीत विभाग

ii. ललित कला विभाग

9. शारीरिक शिक्षा के संकाय :

i. शारीरिक शिक्षा विभाग

10. अंतर-विषयक एवं प्रयुक्त विज्ञान के संकाय :

i. जैव-रसायन विज्ञान विभाग

ii. सूक्ष्म-जैविकी विज्ञान विभाग

iii. आणविक एवं जैव-सूचना विज्ञान विभाग

iv. खाद्य प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विज्ञान विभाग

IndiaCode

v. जैव-प्रौद्योगिकी विभाग

vi. पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग

vii. बहुलक विज्ञान विभाग

और, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद् एवं कार्य-परिषद् द्वारा समय-समय पर अनुमोदित अन्य कोई विभाग ।

अध्यादेश ए-2

अध्ययन संकाय मंडल(बोर्ड)के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 31(1)(जे)के अधीन संविधि 15 के खंड (3) के साथ पढ़ा जाए)

1. गठन:

अध्ययन संकाय समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा :

i. संकायाध्यक्ष;

ii. संकाय मेंविभागों/केन्द्रोंके अध्यक्ष;

iii. संकाय के सभी प्राध्यापक;

iv. क्रमिक रूप से एवं वरिष्ठता के आधार पर प्रत्येक विभागों/केन्द्रोंसे एक सह प्राध्यापक तथा एक सहायक प्राध्यापक;

v. संबंद्ध महाविद्यालयों के संबंधित संकाय से दो प्राध्यापक, जिन्हें महाविद्यालय-सेवा की वरिष्ठता के आधार पर कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा;

vi. शैक्षिक परिषद् द्वारा पांच ऐसे व्यक्ति नामित किए जाएंगे जो संबंधित संकाय के विषय के विशेषज्ञ होंगेतथा जोइस विश्वविद्यालय अथवा इससे संबद्ध/मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/संस्थान से संबंधित कार्मिक नहीं होंगे;

vii. अन्य संकायों में से प्रत्येक से एक प्रतिनिधि, जो संबंधित संकाय के साथ अंतर-विद्यावर्ती विषयों पर कार्य करता हो, कुलपति द्वारा नामित किया जाएगा।

2. कार्यकाल:

संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों के अतिरिक्त सामान्य सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

3. अध्यक्ष :

संकायाध्यक्षअध्ययन संकाय मंडल के अध्यक्ष होंगे तथा बैठकों का संयोजन भी उन्हीं के द्वारा किया जाएगा।

4. अधिकार एवं कार्य :

समिति के कार्य एवं अधिकार निम्न प्रकार से होंगे :

क. संकाय के विभागों/केन्द्रों द्वारा प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों की अनुशंसा शैक्षिक परिषद् को करना;

ख. संकाय के विभागों/केन्द्रोंद्वारा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की योग्यता एवं नामांकन प्रक्रिया का निर्धारण करना;

ग. विभागों/केन्द्रोंद्वारा पीएच.डी. डिग्री हेतु शोधके लिए प्रवेश हेतु आने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार करना;

घ. संकाय के विभागों/केन्द्रोंमें एम.फिल. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार करना तथा उसकी संस्तुति करना;

ङ. सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के लिए सामान्य नियमावली का निर्माण करना;

च. संकाय केविभागों/केन्द्रोंहेतु शैक्षिक समय-सारणी (अकादमिक कैलेंडर)को समन्वित करना;

छ. संकाय के छात्रों के कल्याण से संबंधित प्रस्तावों पर विचार करना;

ज. संकाय के विभागों/केन्द्रोंमें अध्यापन एवं शोध कार्य का समन्वयन करना;

झ. संकाय हेतुअध्यापन एवं शोध की उन्नयन योजना पर विचार करना तथा तत्संबंधी प्रस्ताव शैक्षिक परिषद् को प्रेषित करना;

ञ. विभागों/केन्द्रों से प्राप्तप्रस्तावों के अनुसार पदों के सृजनव उन्मूलन संबंधी प्रस्तावपर विचार करना तथा आवश्यकतानुसार शैक्षिक परिषद् को अनुशंसा करना;

ट. विभाग द्वारा शोध उपाधि के अतिरिक्त अन्य संचालित पाठ्यक्रमों हेतु संबंधित विभागीय अध्ययन मंडलों द्वारा संस्तुत परीक्षक कीनियुक्ति संबंधी प्रस्तावों की अनुशंसा करना;

ठ. संबंधित अध्ययन समिति की अनुशंसा से विभागों/केन्द्रों द्वारा संचालित शोध उपाधियों के पाठ्यक्रम में समावेशन, परिवर्तन तथा संशोधन की संस्तुति करना;

ड. शोध-प्रबंध के मूल्यांकन संबंधी विभागों/केन्द्रों से आए प्रस्ताव पर विचार कर उसे शैक्षिक परिषद् को अनुशंसित करना;

ढ. अभ्यर्थी को शोध उपाधि प्रदान करने हेतुशोध-प्रबंध के मूल्यांकन के लिए नियुक्त परीक्षक के निर्णय पर विचार करना तथा तत्संबंधी समुचित अनुशंसा करना;

ण. संकाय के एक से अधिक विभागों/केन्द्रोंकी रुचि के विषयों अथवा क्षेत्रों में अध्यापन एवं शोध कार्य आयोजित करने के लिए समिति का गठन करना, जो किसी एक विभाग/केन्द्रके क्षेत्राधिकार में नहीं हैं तथा उस समिति के कार्य का निरीक्षण करना। इस तरह की समितियों का गठन, कार्य तथा अधिकारों का निर्धारण विनियमों के अनुसार होगा;

त. समय-समय पर मंडल द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार संकायाध्यक्ष अथवा मंडलके किसी सदस्य अथवा किसी समिति को सामान्य अथवा विशिष्ट अधिकार प्रदान करना;

थ. समिति द्वारा विश्वविद्यालय की कार्य परिषद्, शैक्षिक परिषद् अथवा कुलपति द्वारा मंडल कोसंदर्भित सभी मुद्दों पर विचार करने के अलावा अन्य वेकार्य भी करने होंगे जो विश्वविद्यालय अधिनियम, संविधि तथा अध्यादेश द्वारा विहित हों।

5. बैठक :

क. मंडल द्वारा प्रत्येक शैक्षिकसत्र के दौरानकम से कम दो सामान्य बैठकें आयोजित की जाएँगी,जिनमें से प्रत्येक सेमेस्टर में न्यूनतम एक बैठक आयोजित होगी।

ख. संकायाध्यक्ष द्वारा मंडल की विशेष बैठक स्वयं पहल करके अथवा कुलपति की सलाह से या फ़िरमंडल के पांचवें भाग की संख्या के सदस्यों के लिखित अनुरोध से आयोजित की जा सकेगी। विशेष बैठक में पूर्व में अधिसूचित मदों के अतिरिक्त किसी अन्य मद पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. गणपूर्ति(कोरम):

गणपूर्ति हेतु समिति के कुल सदस्यों के एक-तिहाई भाग काउपस्थित होना अनिवार्य होगा।

7. सूचना :

समिति की विशेष बैठक के अलावा अन्य सभी बैठकों के लिए निर्धारित तिथि से 14 दिन पूर्व सूचना जारी करना आवश्यक होगा।

8. कार्य-नियम :

समिति की बैठक विहितविनियमों के अनुसारसंचालित होंगी।

अध्यादेश ए-3

स्नातकोत्तर अध्ययन मंडल (बोर्ड)के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 31(1)(जे)के अधीन संविधि 16 के खंड (2) एवं (3) के साथ पढ़ा जाए)

1. गठन :

प्रत्येक विभाग के लिए स्नातकोत्तर अध्ययन मंडल का गठन निम्न प्रकार से किया जाएगा:

i. विभागाध्यक्ष;

ii. विभाग के सभी प्राध्यापक;

IndiaCode

iii. वरिष्ठता एवं आवर्तन (रोटेशन) आधार परविभाग के दो सह प्राध्यापक एवं दो सहायक प्राध्यापक;

iv. संबंधित संकाय के अध्यक्ष;

v. संकाय के अंतर्गत विभाग के साथ समान पाठ्यक्रम वाले विभागों से एक शिक्षक;

vi. संकाय समिति द्वारा नामित अधिकतम तीन सदस्य जो संबंधित विभाग के विषय-विशेषज्ञ होंगे तथा जो इस विश्वविद्यालय अथवा इससे संबद्ध अथवा मान्यता-प्राप्त महाविद्यालय के कार्मिक नहीं होंगे।

2. कार्यकाल :

विभाग के अध्यक्ष एवं प्राध्यापक तथा संकायाध्यक्ष के अतिरिक्त सदस्यों काकार्यकाल दो वर्ष काहोगा। यद्यपि सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा लेकिन यदि विभाग में आवर्तन हेतु शिक्षकों की संख्या पर्याप्त नहीं हैं तो सदस्य के तौर परउन्हें पुन: नामित किया जा सकता है।

3. अध्यक्ष :

विभागाध्यक्ष ही समिति के पदेन अध्यक्ष एवं समन्वयक होंगे।

4. कार्य :

समिति के कार्य निम्न प्रकार से होंगे :

क. विभाग द्वारा संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तथा तत्संबंधी पाठ्य-पुस्तकों/संदर्भ ग्रंथों की सूची की अनुशंसा संकाय मंडल को करना;

ख. एम.फिल. एवं पीएच.डी. डिग्री के लिए शोध-विषय को अनुमोदित करना;

ग. एम.फिल. एवं पीएच.डी. पाठ्यक्रम हेतु चयनित अभ्यर्थियों के साथ उनके शोध विषय संबंधी विवरण तथा पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्ति हेतु विभाग के शिक्षक के नामों की अनुशंसा संकाय मंडल से करना;

घ. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु प्रश्न-पत्र निर्माताओंतथा मॉडरेटरों के साथ परीक्षक की नियुक्ति कीअनुशंसा संकाय मंडल को करना तथा संबंधित पर्यवेक्षक की अनुशंसा पर एम.फिल. लघु शोध प्रबंध एवं पीएच.डी. शोध प्रबंध के परीक्षक की सूची की अनुशंसा करना।

ङ. शोधार्थियों की पीएच.डी. पूर्वसार्वजनिक संगोष्ठी (प्री. पीएच.डी. पब्लिक सेमिनार) हेतु संकाय मंडल को बाह्य विशेषज्ञके नाम कीअनुशंसा करना, जिसे कुलपति को अनुमोदनार्थ भेजा जाएगा;

च. संकाय मंडल, शैक्षिक परिषद्, कार्यपरिषद् तथा कुलपति द्वारा निर्दिष्ट अन्य कार्यों का भी संपादन।

5. गणपूर्ति :

गणपूर्ति के लिए समिति के कुल सदस्यों का एक-तिहाई भाग का उपस्थित होना आवश्यक होगा।

6. कार्य विवरण:

मंडल की बैठक का कार्य-विवरण अध्यक्ष के पास रखा जाएगा।

7. कार्य-नियम :

मंडल की बैठकों का संचालन विहितविनियमों के अनुसार होगा।

8. सूचना :

मंडल की बैठक हेतु निर्दिष्ट तिथि से 15 दिन पूर्व सूचना जारी करना आवश्यक होगी।

<u>अध्यादेश ए-4</u>

स्नातक अध्ययन मंडल के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 31(1)(पी)के अधीन)

संक्षिप्त शीर्षक :

स्नातक स्तर पर पढ़ाए जाने वाले प्रत्येक विषय के लिए एक स्नातक अध्ययन मंडल होगा।

1. गठन :

समिति का गठन निम्न प्रकार से होगा :

i. संबंधित विभाग के अध्यक्ष पदेन अध्यक्ष होंगे;

ii. विभाग के प्राध्यापक;

iii. वरिष्ठता एवं आवर्तन के आधार पर कुलपति द्वारा नामित विभाग का एक सह प्राध्यापक एवं एक सहायक प्राध्यापक;

iv. संबद्ध महाविद्यालयों से संबंधित विषय में सेवा-वरिष्ठता के आधार पर कुलपति द्वारा नामित पांच शिक्षक;

v. विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर कुलपति द्वारा नामित दो बाह्य सदस्य, जिनमें से एक पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा।

ऐसे विभाग,जहाँविश्वविद्यालय में अध्यापन-कार्य नहीं होता है,उनके लिए स्नातक अध्ययन मंडल का गठननिम्न प्रकार से होगा :

(i) तीन सदस्य, जो कि सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक (वरिष्ठ ग्रेड) से नीचे के पद के नहीं होंगे, शैक्षिक परिषद् द्वारा नियुक्त किए जाएंगे, जिनमें से एक की नियुक्तिकुलपति द्वारा बतौर अध्यक्षकी जाएगी;

(ii) संबंद्ध महाविद्यालयों से संबंधित विषय केपांच शिक्षक, जो संबंधित संकाय मंडल द्वारा नामितहोंगे;

(iii) संबंधित संकाय मंडल के अध्यक्ष की अनुशंसा से संबंधित विषय के दो बाह्य विशेषज्ञ कुलपति द्वारा नामित किए जाएंगे, साधारण तौर जिनमें से एक पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा;

इनके अतिरिक्त, कोई ऐसा विषय, जिनका भारतीय विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर अध्यापन नहीं कराया जाता, के लिए आवश्यक विषय-विशेषज्ञता रखने वाले दो सदस्य कुलपति द्वारा नामित होंगे।

2. कार्यकाल :

स्नातक अध्ययन मंडल के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। इस अवधि निर्धारणनियुक्ति के समय से किया जायेगा।

3. अध्यक्षता :

जहाँ स्नातकोत्तर विभाग होगा, वहां उसके अध्यक्ष ही समिति के अध्यक्ष भी होंगे। जहाँ स्नातकोत्तर विभाग नहीं है, वहाँसमिति के भीतर से हीउसके सदस्यों द्वारा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। समिति द्वारा आयोजित सभी बैठकों की अध्यक्षता अध्यक्ष करेंगे, ऐसी कोई बैठक जिनमें अध्यक्ष उपस्थित नहीं रहेंगे उनमें उपस्थित सदस्य अपने बीच से अध्यक्ष का चयन करेंगे।

4. कार्य एवं अधिकार:

क. शैक्षिक परिषद् को संबंधित पाठ्यक्रम केपाठ्य-विवरण एवं आवश्यक पाठ्य-पुस्तकों की अनुशंसा करना;

ख. शैक्षिक परिषद् को स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों तथा तत्संबंधी विषय के अध्यापन में गुणात्मक सुधार के उपायों की अनुशंसा करना;

ग. शैक्षिक परिषद् को संबंधित विषय के लिए उपयुक्तप्रश्न-पत्र निर्माताओं समेत परीक्षक आदि के नामों की अनुशंसा करना;

घ. मंडल के समक्ष स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, शैक्षिक परिषद्, कार्यकारी परिषद् अथवा कुलपति द्वारा प्रेषित विषयों पर विचार करना तथा तत्संबंधी निर्णयों से उन्हें अवगत कराना;

5. बैठक :

क. मंडल की बैठक का संयोजन अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा।

ख. अध्यक्ष द्वारा मंडल की विशेष बैठक का आयोजन स्वयं की पहल अथवा संकायाध्यक्ष के अनुरोध या फ़िर कुलपति की सलाह अथवा मंडल के कम से कम चार सदस्यों की लिखित मांग पर किया जा सकता है।

6. सूचना :

मंडल के बैठक की सूचना कुलपति द्वारा नामित प्रशासनिक अधिकारी द्वारा जारी की जाएगी।

7. गणपूर्ति :

मंडल की बैठक की गणपूर्ति के लिए समिति के कुल सदस्यों की एक-तिहाई उपस्थिति आवश्यक होगी।

8. कार्य-नियम :

मंडल की बैठक का संचालन विहित विनियमों के अनुसार होगा।

MadhyaCode

अध्यादेश ए-5

विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में नामांकनके संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 31(1)(ए)के अधीन)

1. विश्वविद्यालय अधिनियम एवं संविधि तथा अन्य नियम के प्रावधानों के पूर्वाग्रह के बिना ऐसा कोई भी छात्र स्नातक स्तर के प्रथम डिग्री पाठ्यक्रम के लिए योग्य नहीं होगा,जिसने स्कूल व्यवस्था के लिए निर्धारित परीक्षा पद्धति के माध्यम से 12 वीं तक की पढ़ाई सफलतापूर्वकपूरी न कर ली हो। नामांकन प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित पद्धति के अनुसार मैरिट के आधार पर छात्रों का नामांकन होगा, जिसमें समय-समय पर भारत सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिए जाने वाले आरक्षण संबंधी निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

छात्रों का नामांकन विभाग में उपस्थितशिक्षकों की संख्या एवं उपलब्ध संसाधनों के अनुसार किया जाएगा।

संकाय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में ऐसे छात्र नामांकन पाने के पात्र नहीं होंगे, जिन्होंने त्रि-वर्षीय/चार-वर्षीय (जहां चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है) डिग्री पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं किया हो।

2. ऐसे अभ्यर्थी, जो इस विश्वविद्यालय या संबद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में नामांकन लेना चाहते हैं, उन्हें विश्वविद्यालय के इस संबंध में निर्धारित नियम और शर्तों का पूर्णतया पालन करना होगा।

अध्यादेश ए-6

उपाधि, डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्रके संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 31(1)(डी)के अधीन)

विश्वविद्यालय द्वारा लागू अध्यादेश एवं विनियमोंके अनुसार (आवश्यकतानुसार समय-समय पर प्रकरण-विशेष पर भी लागू) निम्नलिखित उपाधियाँ, डिप्लोमा एवंप्रमाण-पत्र प्रदान किये जाएँगे:

(i) दर्शन-निष्णात, दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट, विज्ञान में डॉक्टरेट, साहित्य में डॉक्टरेट एवं विधि में डॉक्टरेट की उपाधि;

(ii) कला, विज्ञान, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, सूचना प्रौद्योगिकी, वाणिज्य, शिक्षाशास्त्र, विधि, कृषि, प्रबंधन अध्ययन, भैषज विज्ञान, औषधि, अभियांत्रिकी, प्रौद्योगिकी तथा समय समय पर यूजीसी द्वारा निर्धारित और शैक्षिक परिषद् द्वारा अनुमोदितइस प्रकार के अन्य विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि;

(iii) कला, विज्ञान, वाणिज्य कम्प्यूटर अनुप्रयोग, औषध विज्ञान(फार्मकोलॉजी), शिक्षा, कृषि, औषधि(मेडिसिन), अभियांत्रिकी एवं विधि स्नातक उपाधि (सामान्य एवं प्रतिष्ठा) तथा समय समय पर यूजीसी द्वारा निर्धारित और शैक्षिक परिषद् द्वारा अनुमोदित इस प्रकार के अन्य विषयों में स्नातक उपाधि;

(iv) कॉकबरक भाषा एवं साहित्य, बांस संवर्धन एवं संसाधन अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा समय-समय शैक्षिक परिषद् द्वारा अनुमोदित इस प्रकार के अन्य क्षेत्रों के डिप्लोमा;

(v) सिविल,यांत्रिकी एवं विद्युत अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, मेडिकल लैब टेक्नॉलॉजी, फैशन टेक्नॉलॉजी, खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा तथा समय-समय शैक्षिक परिषद् द्वारा अनुमोदित इस प्रकार के अन्य क्षेत्रों केडिप्लोमा;

(vi) विभिन्न भाषाओं में डिप्लोमा एवं प्रमाणपत्र;

(vii) समय-समय पर शैक्षिक परिषद् द्वारा अनुमोदित कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं अन्य पाठ्यक्रम हेतु प्रमाणपत्र;

(viii) मानद उपाधियाँ तथा

(ix) समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर पर संचालित उपाधियाँ एवं डिप्लोमा एवं सर्टिफ़िकेट।

अध्यादेश बी-1

संकायाध्यक्षों के कार्य एवं अधिकार के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 31(1)(पी)के अधीन खंड (3) के साथपढ़ा जाए)

संकाय के डीन संकायाध्यक्ष होंगे तथा विभागों में अध्यापन एवं शोध मानकों की गुणवत्ता के संचालन एवं संरक्षण के जवाबदेह होंगे। प्राध्यापकों के मध्य से वरिष्ठता एवं आवर्तन के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति द्वाराइनकी नियुक्ति की जाएगी।

संकायाध्यक्ष के कार्यएवं अधिकार निम्न प्रकार से होंगे :

क. विभागों/केन्द्रोंके अध्यक्ष के माध्यम से संकाय में संपन्न होने वाले अध्यापन एवं शोध कार्यों का पर्यवेक्षण व समन्वय करना;

ख. विभागों/केन्द्रोंके अध्यक्ष के माध्यम से संकाय में अनुशासन बनाए रखना;

ग. आवश्यकतानुसार अंतरविद्यावर्ती अध्यापन एवं शोध को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक कदम उठाना;

घ. संकाय-मंडल अथवा शैक्षिक-परिषद् के निर्देशों के अनुरूपविश्वविद्यालय को संकाय के छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित करने की अनुशंसा करना;

ङ. छात्रों के सत्रीय मूल्यांकन का अभिलेख रखना तथा परीक्षा की दृष्टि से सैद्धांतिक कक्षाओं, ट्यूटोरियल्स, संगोष्ठी अथवा प्रायोगिक कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति का रिकॉर्ड रखना;

च. संकाय के निर्णयों व संस्तुतियों को प्रभावी बनाने हेतु कदम उठाना;

छ. शैक्षिक परिषद्, कार्य परिषद् अथवा कुलपति द्वारा सौपे जाने वाले कार्यों का निर्वहन करना।

<u>अध्यादेश बी-2</u>

विभागाध्यक्ष एवं उनके कार्यों के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 की धारा 31(1)(पी)के अधीन)

1. कुलपति द्वारा आवर्तन के आधार पर प्रत्येक विभाग के प्राध्यापकों में से एक को अधिकतम तीन वर्ष के लिए संबंधित विभाग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाएगा;

जिन विभागों में सिर्फ एक प्राध्यापक होगा, या एक भी प्राध्यापक नहींहोगा; वहां कुलपति द्वारा उपलब्ध रीडरोंमें से अधिकतम तीन वर्ष के लिए किसी एक की नियुक्तिबतौर विभागाध्यक्ष की जाएगी;

जिस व्यक्ति की नियुक्ति विभाग के अध्यक्ष के तौर पर की जाएगी, वह नियुक्ति की तिथि से देय अवधि तक बतौर विभागाध्यक्ष कार्यरत रहेगा, सिवाय कि वह नौकरी छोड़ दे अथवा विभागाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दे।

2. विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष के अग्रलिखित सामान्य निर्देशों के अनुसार कार्य करेगा:

क) विभाग में अध्यापन एवं शोध कार्य का आयोजन करना;

ख) विभाग के शिक्षकों को अध्यापन-कार्य आवंटित करना तथा विभाग के सुचारू परिचालन के लिएउन्हें अन्य आवश्यककार्य सौंपना;

ग) विशिष्ट उद्देश्यों के लिए गठित विभागीय समितियों के कार्य का समन्वयन करना, तथा

घ) अन्य ऐसे कार्योंका निर्वहन, जो संकायाध्यक्ष, संकाय मंडल, शैक्षिक परिषद्, कार्य परिषद् तथा कुलपति द्वारा सौंपे जाएंगे।

अध्यादेश बी-3

संकायाध्यक्षों की समिति के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम 2006 के अनुच्छेद 31(1) (जे) के अधीन संविधि 22 की उपधारा (1) के साथ पढ़ें)

1. लघुशीर्षक:

संकायों के मध्य अध्यापन एवं शोध के प्रतिमानों में समरूपता स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन संकायों के अध्यक्षों की एक समिति निर्मित करेगी।

2. समिति का गठन:

संकायाध्यक्षों की समिति निम्न सद्स्यों से निर्मित होगी:

i.	कुलपति	- अध्यक्ष(पदेन)
ii.	सम-कुलपति	- सदस्य(पदेन)
iii.	सभी संकायों के अध्यक्ष	- सदस्य
iv.	परीक्षा नियंत्रक	- सदस्य
v.	कुलसचिव	- सचिव

3. कार्य:

इस समिति के कार्य निम्न होंगे:

क) परीक्षाओं के आयोजन, परिणाम मानक तथा शोध के संदर्भ में आवश्यक मुद्दों पर विचार करना।

ख) संकायों एवं विभागों की कार्यपद्धति से संबंधित सामान्य प्रशासनिक मुद्दों पर विचार करना।

ग) कार्य-परिषद द्वारा समानुदेशित अथवा कुलपति द्वारा संदर्भित अन्य मुद्दों पर विचार करना।

4. बैठक:

सचिव(कुलसचिव) द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की सूचना जारी की जायेगी।

5. गणपूर्ति:

बैठक हेतु गणपूर्ति कुल संख्या का एक-तिहाई होगी।

6. कार्य नियमावली:

बैठकें आयोजित करने के नियम विश्वविद्यालय के रेगुलेशन के अनुसार तय किए जाएंगे।

अध्यादेश बी-4

महाविद्यालय विकास परिषद के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम 2006 के अनुच्छेद 31(1) (आई) के अन्तर्गत)

1. शीर्षक:

त्रिपुरा विश्वविद्यालय में एक महाविद्यालय विकास परिषद होगी। यह परिषद विश्वविद्यालय के संदर्भ में महाविद्यालयों के अधिकारों को सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदायी होगी; साथ ही, महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रतिमानों के संस्थापन में नेतृत्व प्रदान करने का कार्य करेगी।

2. गठन:परिषद में निम्न सदस्य होंगे

1)	कुलपति	-अध्यक्ष(पदेन)
2)	सम-कुलपति	- सदस्य(पदेन)
3)	कुलपति द्वारा बारी बारी से नामांकित दो प्राध्यापक/ सह-प्राध्यापक श्रेणी के शिक्षक, जिनमें से एक विज्ञान संकाय तथा एक कला एवं वाणिज्य संकाय का होगा।	- सदस्य
4)	कुलपति द्वारा सेवा की वरिष्ठता के आधार पर सम्बद्ध महाविद्यालयों से बारी-बारी से नामित तीन प्राचार्य, जिनमें से एक सामान्य महाविद्यालय से, एक तकनीकी महाविद्यालय से तथा शेषएक व्यावसायिक महाविद्यालय से होगा।	- सदस्य
5)	कुलपति द्वारा सेवा की वरिष्ठता के आधार पर सम्बद्ध महाविद्यालयों से बारी-बारी से नामित तीन शिक्षक, जिनमें से एक विज्ञान संकाय से, एक कला संकाय से तथा शेष एक वाणिज्य/तकनीकी/व्यावसायिक विभाग से होगा।	- सदस्य
6)	राज्य के उच्च शिक्षा निदेशक	- सदस्य
7)	परीक्षा नियंत्रक	- सदस्य
8)	वित्त अधिकारी	- सदस्य
9)	अधिष्ठाता, छात्र कल्याण	- सदस्य
10)	निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद	- सदस्य
11)	कुलसचिव	- सदस्य(पदेन)

IndiaCode

3. कार्यकाल:

पदेन सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

4. रिक्तियों की पूर्ति:

कुलपति द्वारा बीमारी, निधन अथवा त्यागपत्र अथवा किसी अन्य कारण सेहुई रिक्ति को यथाशीघ्र भरने के लिए जरूरी कार्यवाही की जाएगी।

5. बैठक:

i) परिषद की बैठक एक शैक्षणिक वर्ष में कम से कम दो बार अवश्य आयोजित की जायेगी तथा बैठक का आयोजन सचिव द्वारा कुलपति की सलाह से किया जायेगा।

ii) कुलपति बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उनकी अनुपस्थिति में सम-कुलपति बैठक के अध्यक्ष होंगे।

6. सूचना:

विशिष्ट बैठकों के अतिरिक्त सामान्य बैठक की सूचना तय तिथि से 21 दिन पूर्व प्रसारित की जानी चाहिए।

7. गणपूर्ति:

परिषद की वास्तविक सदस्य संख्या की एक-तिहाई उपस्थिति को बैठक की गणपूर्ति माना जायेगा।

8. कार्य-विवरण:

सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही का अभिलेख रखा जाएगा और तथा बैठक के बाद 15 दिन के अंदर सदस्यों के मध्य वितरित करा दिया जाएगा।

9. कार्य एवं अधिकार:

महाविद्यालय विकास परिषद के कार्य एवं अधिकार निम्न होंगे:

(i) कार्य-परिषद की प्रधान परामर्शदात्री समिति के रूप में संबद्ध महाविद्यालयों से संबंधित मुद्दों को शैक्षिक परिषद के माध्यम से अनुशंसा करना।

(ii) संबद्ध महाविद्यालयों में भवन संबंधी एवं शैक्षणिक उपकरणों की उपयुक्तता तथा पर्याप्तता के संबंध में आकलन करना।

(iii) संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक कर्मचारियों की योग्यता एवं पर्याप्तता तथा उनकी सेवा शर्तों का आकलन करना।

(iv) महाविद्यालयों में छात्रों की आवासीय, कल्याण, अनुशासन एवं पर्यवेक्षण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना।

(v) महाविद्यालयों के नियमित रखरखाव के लिए वित्तीय प्रावधानों की पर्याप्तता का आकलन करना।

(vi) महाविद्यालयों में सामान्य शैक्षिक एवं प्रशासनिक मानकों में क्रमिक सुधार को देखते हुए शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर परामर्श प्रदान करना।

(vii) महाविद्यालय की ओर से विभिन्न विकास परियोजनाओं को तैयार करना तथा महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रायोजक संस्थाओं को इसे प्रस्तुत करना।

(viii) शैक्षणिक परिषद अथवा कुलपति की सलाह पर प्रत्येक दो शैक्षणिक वर्षों में एक बार महाविद्यालयोंके निरीक्षण की व्यवस्था करना, ताकि प्रत्येक महाविद्यालय का अद्यतन प्रोफाइल तैयार कियाजा सके तथा 'निरीक्षण प्रतिवेदन'पर अनुवर्ती कार्यवाही करना औरआवश्यकतानुसारकिए जाने वाले उपायों हेतु परामर्श देना। निरीक्षण दल के सदस्य कुलपति द्वारा नामांकित किये जायेंगे।

(ix) समय-समय पर महाविद्यालय के शैक्षणिक प्रदर्शन की समीक्षा करना तथा सुधार हेतु परामर्श देना।

(x) महाविद्यालयों की शिक्षणेतर गतिविधियों के प्रोत्साहन एवं विकास हेतु परामर्श प्रदान करना।

(xi) विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार महाविद्यालयों में परीक्षा आयोजन की समीक्षा हेतु निरीक्षण दल की व्यवस्था करना एवं आवश्यकतानुसारकिए जाने वाले उपायों हेतु परामर्श देना।

IndiaCode

10. परिषद के दैनिक क्रियाकलापों का निष्पादन निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद द्वारा किया जायेगा तथा वह विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के मध्य विश्वविद्यालय के निर्देशों के प्रसार तथा महाविद्यालय मुद्दों को ग्रहण करने हेतु संपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करेगा।

अध्यादेश बी-5

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के संदर्भ में

(अनुच्छेद 31(1) (पी) के अधीन संविधि की उपधारा 39 के साथ पढ़ें)

1. विश्वविद्यालय में एक छात्र कल्याण अधिष्ठाता होगा।

2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण की नियुक्ति कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं सह-प्राध्यापकोंमें से की जायेगी। नियुक्ति के उपरान्त संबंधित प्राध्यापक या सह-प्राध्यापक द्वारा अपनी सामान्य सेवाओं के साथ-साथ छात्र-कल्याण अधिष्ठाताका कार्य करना होगा। अधिष्ठाता का सेवा-काल तीन वर्ष की अवधि का होगा तथा इसके बाद संबंधित प्राध्यापक या सह-प्राध्यापककी पुनर्नियुक्ति भी की जा सकती है।

3. अगर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण का पद रिक्त हो अथवा वह बीमारी, या किसी अन्य़ कारण से अनुपस्थित हो अथवा अपने कार्य निष्पादन में असमर्थ हो, तब अधिष्ठाता के कर्तव्यों का पालन कुलपति द्वारा इस उद्देश्य हेतु नियुक्त व्यक्ति द्वारा किया जायेगा।

4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण के कार्य एवं अधिकार-

क) अधिष्ठाता, छात्र कल्याण छात्र परिषद का अध्यक्ष होगा।

ख) अधिष्ठाता, छात्र कल्याण छात्रों के सामान्य कल्याण कार्यों को देखेगा तथा छात्रों के बौद्धिक एवं सामाजिक जीवन के मध्य मजबूत एवं फलदायी संबंधों के लिए समुचित प्रोत्साहन प्रदान करेगा तथा अध्ययन कक्ष के बाहर के विश्वविद्यालयीन जीवन के पहलुओं पर ध्यान देगा, जो परिपक्व एवं जवाबदेह नागरिक के रूप में उनके विकास एवं वृद्धि में योगदान दे सकें।

ग) अधिष्ठाता, छात्र कल्याण अन्य बातों के साथ साथ निम्न मुद्दों पर छात्रों को सलाह एवं परामर्श की व्यवस्था करेगा;

i) छात्र निकायों की व्यवस्था एवं विकास करना।

ii) परामर्श एवं छात्र दिग्दर्शन तथा नियोजन परामर्श सेवायें।

iii) छात्रों की पाठ्येतर एवं क्रीड़ा गतिविधियाँ।

iv) छात्रों को वित्तीय अनुदान।

v) छात्र-संकाय तथा छात्र-प्रशासन संबंध।

vi) छात्रो के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवायें ।

vii) छात्रों का आवासीय जीवन।

viii) छात्रों के लिए देश में और/अथवा विदेश में आगे की पढाई हेतु सुविधाओं की व्यवस्था; तथा

ix) छात्र शैक्षिक भ्रमण, यदि कोई हो।

घ) अधिष्ठाता, छात्र कल्याण इस प्रकार के अधिकारों का प्रयोग ऐसे कार्यों के निष्पादन हेतु उपरोक्त उद्देश्यों को पाने के लिए कुलपति द्वारा समय समय पर समानुदेशित किये जाने पर करेगा।

अध्यादेश बी-6

विश्वविद्यालयीन छात्रों के आवास के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 के अनुच्छेद 31(1) (एच) के अधीन)

1. उद्देश्य:

विश्वविद्यालय में उन छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था होगी, जिनकी बड़ी संख्या सुदूर क्षेत्रों से आती है और नगर में तथा विश्वविद्यालय परिसर के इलाके में किराये के मकानों में निवास करती है। छात्रावास आवंटित करने का उद्देश्य है कि:

क) छात्रों को सौहार्द्रपूर्ण आवासीय स्थल प्रदान करना ताकि वे स्वयं को उच्च शिक्षा हेतु समर्पित कर सकें।

ख) छात्रों को समझदार एवं बौद्धिक अभिभावकत्व प्रदान करना, जबकि वे एक संवेदनशील आयु में अपने माता-पिता/अभिभावकों से दूर रह रहे हों।

ग) छात्रों को एक परिवार जैसे महौल में साथ-साथ रहने का अवसर प्रदान करना ताकि उनके मध्य पारस्परिक सहयोग तथा साथीपन की भावना का विकास हो सके।

घ) छात्रों में स्वावलंबन की क्षमता का विकास करना।

2. छात्रावास:

ङ) विश्वविद्यालय द्वारा छात्रावासों का संचालनछात्रों की आवासीय आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाएगा।

च) सभी आवासीय कक्षों (छात्रावासों) का नामकरण विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार किया जायेगा।

छ) प्रत्येक छात्रावास वार्डन के प्रभार में होगा।

ज) प्रत्येक छात्रावास विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजिकाओं एवं अभिलेखों का रखरखाव करेगा और जैसा विश्वविद्यालय को आवश्यकता होगी उस प्रकार की सांख्यिकीय सूचनाएँ समय-समय पर उपलब्ध करायेगा।

झ) सभी छात्रावासियों को छात्रावास-नियमावली के अनुसार अनुशासन का पालन करना होगा।

3. छात्रावासों के वार्डन्स:

i) नियुक्ति: छात्रावास के वार्डन की नियुक्ति कुलपति द्वारा 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी,जिसके नियम एवं शर्तें समय-समय पर कार्य-परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार होंगे। वार्डन मानदेय के साथ किरायामुक्त गैर-फर्निश्ड आवासके पात्र होंगे, जैसा कार्य-परिषद द्वारा समय समय पर निर्धारित किया जायेगा।

ii) वार्डन्स के कार्य एवं अधिकार: छात्रावास के वार्डन का कार्य एवं अधिकारों का निष्पादन समय समय पर कुलपति द्वारा समानुदेशित किया जाएगा और ये अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के परामर्श से कार्यान्वित होगा। कुलपति द्वारा समानुदेशित विशिष्ट कार्यों के अतिरिक्त वार्डन के कार्य निम्न होंगे;

क) वह आवासी छात्रों के स्वास्थ्य,आरोग्यता, स्वच्छता, सफाई एवं भोजन हेतु जवाबदेह होगा/होगी।

ख) वह सुनिश्चित करेगा/करेगी कि उसके प्रभार के अंतर्गत सभी रहवासी छात्रावास नियमावली का पालन करें एवं अनुशासन एवं शिष्टाचार बनाये रखें।

ग) वह समानुदेशित छात्रों के लिए कक्षों का आवंटन करेगा/ करेगी तथा माता-पिता अथवा अभ्भावक के स्थाई पते एवं ऐसी अन्य सूचनाओं के साथ छात्रों की सूची तैयार करेगा/करेगी जैसी कि समुचित प्राधिकारियों को आवश्यकता हो।

घ) वह रहवासी छात्रों का दैनिक अभिलेख जैसे उनकी दैनिक उपस्थिति रखेगा तथाउनकी अनुपस्थिति के कारणों के साथ-साथछात्रावास से अनुपस्थिति का रखरखाव करेगा/करेगी।

ङ) वह छात्रावास में रह रहे छात्रों के कदाचार, अनुशासनहीनता, बीमारी संबंधी प्रकरणों में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को जानकारी देगा/देगी।

च) वह छात्रावास की संपूर्ण सुरक्षा का जवाबदेह होगा तथा इसके लिए विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करेगा/करेगी।

छ) वह केयरटेकर के साथसमय-समय पर छात्रावास के फर्नीचर और फिटिंग्स का सत्यापन करेगा/करेगी तथा उनके मरम्मत/स्थानापन्न अथवा अतिरिक्त फर्नीचर प्राप्त करने संबंधी कार्यवाही करेगा/करेगी।

ज) उसके पास छात्रावास कक्षों के निरीक्षण का अधिकार होगा;

1. उसके पास छात्रावास के लिए समानुदेशित कर्मचारियों का प्रशासनिक नियंत्रण होगा।

2. वह समाचारे-पत्रों एवं पत्रिकाओं के चयन हेतु परामर्श देगा/देगीतथा इन समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं के क्रय के लिए केयरटेकर द्वारा निर्मित बिलों की जाँच करेगा/करेगी।

3. किसी अप्राधिकृत अतिथि को रखने पर वह प्रशासनिक कार्यवाही कर सकेगा/सकेगी।

4. वह सामूहिक कक्ष में अनुशासन एवं शिष्टाचार सुनिश्चित करेगा/करेगी।

5. वह छात्रावास के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की देखभाल करेगा तथा छात्रावास अनुदान से संवितरण को नियमित करेगा/करेगी।

6. यदि रहवासी मेस-बिल नहीं देता है अथवा जो छात्रावास खाली कर जा चुके हैं अथवा छात्रावास से निकाले जा चुके हैं तो वह ऐसे छात्रों की भोजन सुविधायें बन्द कर सकेगा/सकेगी।

4. निरीक्षण एवं स्थानीय समिति

क.प्रत्येक छात्रावास के सुचारू प्रबंध हेतु वार्डन की सहायता के लिए एकनिरीक्षण एवं स्थानीय समिति होगी, जिसके सदस्यों के रूप में निम्न होंगे;

अ) वार्डन – अध्यक्ष

ब) प्रिफेक्ट – सदस्य

स) छात्रावास से तीन सदस्य जिनमें से एक मेस प्रबंधक/ सचिव होना चाहिए- सदस्य

ख. स्थानीय समिति की नियुक्ति वार्डन के द्वारा की जायेगी तथा इसका कार्यकाल एक वर्ष का होगा।

अ) वार्डन द्वारा एक या एक से अधिक निरीक्षक की नियुक्ति की जायेगी, जोकि उन्हें इस प्रकार से कार्य सौंपेगा, ताकि छात्रावास की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से चलाई जा सके।

ब) निरीक्षक का कार्यकाल एक वर्ष का होगा और उसे छात्रावास में मुफ्त आवास की सुविधा प्रदान की जायेगी और इस कार्यकाल के दौरान उसे एचआरए (आवास किराया भत्ता) नहीं प्रदान किया जायेगा।

अध्यादेश बी-7

अनुदेशों एवं परीक्षा के माध्यम के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 के अनुच्छेद 31(1) (सी) के अधीन)

शैक्षिक विभागों के शोध एवं अध्ययन कार्यक्रमों में अनुदेशों एवं परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा, जब तक कि विश्वविद्यालय द्वारा कोई और निर्णय नहीं लिया जाता।

साहित्य के विषयों में अनुदेशों एवं परीक्षा की माध्यम-भाषा संबंधित साहित्य-विशेष की भाषा ही होगी जब तक कि विश्वविद्यालय द्वारा कोई और निर्णय नहीं लिया जाता।

अध्यादेश बी-8

दीक्षांत-समारोहके संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 के अनुच्छेद 31(1) (डी) के अन्तर्गत संविधि 32 एवं 27(1) के साथ पढ़ें)

1. वार्षिक दीक्षांत-समारोह:

प्रत्येक वर्ष एक दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय की उपाधि, डिप्लोमा एवं अन्य विशिष्ट सम्मान प्रदान करने हेतु कार्य-परिषद के द्वारा तय तिथि व स्थान पर कुलाधिपति के पूर्व अनुमोदन से किया जायेगा।

उस वर्ष दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं हो पाता है तो यदि कुलपति को यह अधिकार होगा कि वह सफल अभ्यर्थियों को संबंधित उपाधि के बिना प्रवेश लेने हेतु प्राधिकृत करे तथा कुलसचिव को प्राधिकृत करेगा कि वह उचित शुल्क जमा करने पर उपाधियाँ जारी करे।

2. विशिष्ट दीक्षांत-समारोह:

शैक्षिक परिषद की अनुशंसा पर कार्य-परिषद द्वारा कुलाध्यक्ष(विजिटर) के पूर्व अनुमोदन से तय की गई तिथि में विशेष परिस्थितियों के अंतर्गत किसी मानद उपाधि प्रदान करने हेतु विशिष्ट दीक्षांत-समारोह का आयोजन किया जा सकता है।

3. सूचना:

क) कुलसचिव द्वारा दीक्षांत-समारोह की बैठक के लिए कम से कम 4 सप्ताह पूर्व सूचना दी जानी चाहिए।

ख) कुलसचिव द्वारा दीक्षांत-समारोह के सभी सदस्यों को सूचना देने के साथ-साथसमारोह के आयोजन कीकार्यविधि की जानकारी भीदी जानी चाहिए।

ग) वे अभ्यर्थी दीक्षांत-समारोह में शामिल होने के पात्र होंगे, जिन्होंने उसी वर्ष अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिस वर्ष के लिए दीक्षांत का आयोजन किया जा रहा है।

IndiaCode

4. प्रदान की जाने वाली उपाधियाँ एवं पदक/डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र:

क) मानद उपाधि/ विशिष्ट पदक

ख) डॉक्टर की उपाधि

ग) मास्टर की उपाधि

घ) स्नातकोत्तर उपाधि

ङ) स्नातक उपाधि

च) पदक एवं प्रमाण पत्र

5. आवेदन:

क) दीक्षांत-समारोह में स्वयं उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थी को अपना आवेदन विहित शुल्क के साथ विहित तिथि को अथवा उसके पूर्व, कुलसचिव को प्रस्तुत करना चाहिए।

ख) अभ्यर्थी जो वैयक्तिक रूप से दीक्षांत में उपस्थित होने में असमर्थ हैं, उनकी उपाधि कुलपति द्वारा स्वीकार की जायेगीतथा अभ्यर्थी द्वारा उसे आवेदन के साथ विहित शुल्क का भुगतान करके कुलसचिव सेप्राप्त कियाजा सकेगा।

6. शुल्क:

दीक्षांत पर उपाधि के प्रवेश हेतु वैयक्तिक रूप से उपस्थिति का शुल्क200/- तथा उपस्थिति के बगैर दीक्षांत में उपाधि के लिए शुल्क 300/- होगा।

7. मानद उपाधि:

मानद उपाधि केवल दीक्षांत-समारोह के दौरान ही प्रदान की जायेगी तथा उसे वैयक्तिक रूप से उपस्थित होकर अथवा उपस्थिति के बगैर भी प्राप्त किया जा सकेगा।

8. प्राप्तकर्ताओं का प्रस्तुतिकरण:

क) जिन्हें दीक्षांत में मानद उपाधि/विशिष्ट पदक दिए जाने हैं, उन व्यक्तियों का प्रस्तुतिकरण कुलपति से कुलाधिपति को अथवा कुलाधिपति की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम संकायाध्य से कुलपति को किया जाना है।

इसके बाद मानद उपाधि/विशिष्ट पदक के प्राप्तकर्ताओं को प्रस्तुत करने वाला वह अधिकारीअध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहेगा कि,"महोदय कार्य-परिषद द्वारा अनुशंसित तथा कुलाधिपति द्वारा अनुमोदित ..... की मानद उपाधि प्रदान करने हेतु ..... आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है" तथाअपने विवेकाधिकार से वह इस प्रकार की अन्य टिप्पणियाँ जोड़ सकता है, जिन्हें वह प्राप्तकर्ता को उच्च सम्मान हेतु चयनित की गई उपलब्धियों के लिए उपयुक्त समझता है।

कुलाधिपति अथवा कुलपति जैसी स्थिति हो इसके उपरान्त कहेंगे "त्रिपुरा विश्वविद्यालय की कोर्ट/कार्य-परिषद आपको ..... मानद उपाधि प्रदान करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रही है।" और अपने विवेकाधिकार से वह इस प्रकार की अन्य टिप्पणियाँ जोड़ सकता है, जिन्हें वह प्राप्तकर्ता को उच्च सम्मान हेतु चयनित की गई उपलब्धियों के लिए उपयुक्त समझता है।

मानद उपाधि एवं विशिष्ट पदक का पुरस्कार प्रदान करने के बाद कुलपति महोदय कहेंगे 'माननीय कुलाधिपति महोदय, प्रतिष्ठित अतिथिगण, विश्वविद्यालय समुदाय के सदस्यगण, देवियो एवं सज्जनो! अब हम विभिन्न परीक्षाओं में सफ़ल रहे उन छात्रों को डॉक्टर एवं मास्टर की उपाधि तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातक डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र प्रदान करने के महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली पड़ाव पर आ पहुँचे हैं, जिन्हें इसके लिए उपयुक्त पाया गया है। इन सभी उपाधियों, डिप्लोमाओं तथा प्रमाण पत्रों को समुचित शैक्षणिक प्राधिकारी तथा कोर्ट/कार्य-परिषद द्वारा अनुशंसित किया गया है।

ख) डॉक्टर्स की उपाधि के लिए अभ्यर्थियों कोसंकायवार प्रस्तुत किया जायेगा यथा साहित्य, प्राकृतिक विज्ञान, समाज विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, वाणिज्य, अभियांत्रिकी, एवं..... जैसा कि संविधि मेंक्रमानुसार दिया गया है।

i) स्नातकोत्तर अध्ययन के सभी संकायाध्यक्ष बारी-बारी अपने डॉक्टर्स उपाधि लेने वाले अभ्यर्थियों से कहेंगे, ".....की उपाधि प्राप्त करनेजा रहे सभी अभ्यर्थीगण!कृपया खड़े हों जाएँ तथा वे तब तक खड़े रहेंगे जब तक किमैं उन्हें अपनी सीट पुन: ग्रहण करनेके लिए न कहूँ?"

ii) संकायाध्यक्ष कुलपति से कहेंगे, " महोदय, मैं आपको डॉक्टर ऑफ..... (यहाँ समुचित उपाधि दर्शाई जाय) की उपाधि के लिए अभ्यर्थी प्रस्तुत करता हूँ तथा मैं प्रार्थना करता हूँ कि वह उपाधि जिसके लिए

IndiaCode

उनकी अनुशंसा की गई है वह उन्हें प्रदान की जाय" उसके बाद संकायाध्यक्ष अभ्यर्थियों से कहेंगे "कृपया बैठ जाएँ।"

iii) जब डॉक्टर्स उपाधि के सभी अभ्यर्थी संबंधित संकायाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किये जा चुके हों, तो कुलपति कहेंगे, " क्या सभी अभ्यर्थी, जो कि डॉक्टर्स उपाधि हेतु प्रस्तुत किये गये, कृपया खड़े होंगे?"(ठहरकर)। त्रिपुरा विश्वविद्यालय की कार्य-परिषदआपको अनुशंसित की गई उपाधि प्रदान करने पर प्रसन्नता अनुभव करती है और इससेसंबंधित सभी अधिकारएवं सुविधाएँ आपको प्रदान करती है। मैं इस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप मेंआपको जीवनभर के लिए प्रदान किये गये उक्त अधिकार सौंपता हूँ और आपको इसके योग्य प्रदर्शन करने को कहता हूँ। "कृपया बैठ जाएँ।" इसके बाद अभ्यर्थी अपनी सीट पर बैठेंगे।

ग) मास्टर्स उपाधि एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रमाणपत्र के लिए अभ्यर्थी संकायवार संबंधित स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे।

iv) प्रत्येक स्नातकोत्तरविभाग के अध्यक्ष अभ्यर्थियों से कहेंगे, "विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की मास्टर्स ऑफ ...../डिप्लोमा इन...../सर्टिफिकेट इन .....की ".....की उपाधि प्राप्त करनेजा रहे सभी अभ्यर्थीगण!कृपया खड़े हों जाएँ तथा वे तब तक खड़े रहेंगे जब तक किमैं उन्हें अपनी सीट पुन: ग्रहण करनेके लिए न कहूँ?"

i) विभागाध्यक्ष तब कुलपति से कहेंगे/कहेंगी, "महोदय, मैं आपको मास्टर्स ऑफ ..... /डिप्लोमा इन...../सर्टिफिकेट इन .....की उपाधि के लिए अभ्यर्थी प्रस्तुत करता हूँ तथा मैं प्रार्थना करता हूँ कि वे उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र, जिनके लिए इनकी अनुशंसा की गई है इन्हें प्रदान/पुरस्कृत किए जाएँ" उसके बाद संकायाध्यक्ष अभ्यर्थियों से कहेंगे/कहेंगी, "कृपया बैंठ जाएँ।"

v) जब मास्टर्स उपाधि एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र के सभी अभ्यर्थी प्रस्तुत किये जा चुके हों तो कुलपति कहेंगे," क्या सभी अभ्यर्थी, जो कि डॉक्टर्स उपाधि हेतु प्रस्तुत किये गये, कृपया खड़े होंगे?"(ठहरकर)। त्रिपुरा विश्वविद्यालय की कोर्ट/कार्य-परिषद आपको अनुशंसित की गई उपाधि प्रदान करने पर प्रसन्नता अनुभव करती है और इससे संबंधित सभी अधिकारएवं सुविधाएँ आपको प्रदान करती है। मैं इस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में आपको जीवनभर के लिए प्रदान किये गये उक्त अधिकार सौंपता हूँ और आपको इसके योग्य प्रदर्शन करने को कहता हूँ। (तत्काल अभ्यर्थी झुककर स्वीकार करेंगे!)"कृपया बैठ जाएँ।" इसके बाद अभ्यर्थी अपनी सीट पर बैठेंगे।

घ) उपाधियों एवं मास्टर्स उपाधि एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र प्रदान करने के बाद कुलसचिव परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगिताओं को परिणामों के पुरस्कारस्वरूप पदक प्राप्तकर्ताओं के नाम पुकारेंगे प्रत्येक अभ्यर्थी जिसका नाम पुकारा जायेगा वह अध्यक्ष(कुलाधिपति या कुलपति) के हाथ अपना पदक प्राप्त करेगा/करेगी।

ङ) इसके बाद कुलसचिव स्नातक महाविद्यालय के प्राचार्यों के नाम, उनके महाविद्यालय के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु पुकारेंगे इसके पश्चात प्रत्येक प्राचार्य, जिसका नाम पुकारा गया है, वह कुलपति की ओरसे प्रमाण पत्रों के पैकेट प्राप्त करने जायेगा/जायेगी।

च) किसी संकाय के अध्यक्ष के अनुपस्थिति में उस संकायाध्यक्ष का कार्य कुलसचिव द्वारा संपादित किया जायेगा।

9. सत्र हेतु कार्यविधि

क) कुलाधिपति, मुख्य अतिथि, कुलदेशिक, कुलपति, समकुलपति, कुलसचिव, संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय प्राधिकारी के सदस्य तय समय में एक बैठक कक्ष में एकत्र होंगे तथा विश्वविद्यालय द्वारा तय अपना विशिष्ट परिधान पहनेंगे।

ख) सभी निम्न क्रम से जुलूस के रूप में दीक्षांत कक्ष की ओर प्रस्थान करेंगे

i) कुलसचिव

ii) विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष(विजिटर) यदि उपस्थित हैं तो

iii) कुलदेशिक(चीफ रेक्टर)

iv) कुलाधिपति

v) मुख्य अतिथि

vi) कुलपति

vii) सम-कुलपति

viii) अतिथि एवं पूर्व कुलपति

ix) द कोर्ट

x) कार्य परिषद

xi) शैक्षिक परिषद

xii) संकायाध्यक्ष

xiii) स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष

xiv) परीक्षा नियंत्रक

xv) वित्त अधिकारी

xvi) निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद

xvii) ग्रंथपाल

ग) जब जुलूस दीक्षांत कक्ष में प्रवेश करेगा तो सभीअभ्यर्थी एवं उपस्थित दर्शक खड़े हो जाएंगे और तब तक खड़े रहेंगे, जब तक कि जुलूस के सभी सदस्य उनके लिए आरक्षित सीट पर बैठ न जायें।

घ) कुलाधिपति अथवा उनकी अनुपस्थिति में कुलपति दीक्षांत की अध्यक्षता करेंगे।

ङ) दीक्षांत कक्ष में अध्यक्षता कर रहे कुलाधिपति अथवा कुलपति, दीक्षांत के आरंभ हेतु कहेंगे, "मैं दीक्षांत-समारोह आरंभ करने की घोषणा करता हूँ।" यदि कोई दीक्षांत एक सत्र से अधिक चलता है तो कुलाधिपति या कुलपति जो भी वहाँ अध्यक्षता कर रहे हों, अंतिम सत्र के अलावा प्रत्येक सत्र की समाप्ति पर कहेंगे " मैं ..... तक दीक्षांत के स्थगन की घोषणा करता हूँ।"

च) दीक्षांत-समारोह का कार्यक्रम पवित्र गीता के पाठ और स्वागत गीतों के साथ आरंभ होगा।

छ) कुलाधिपति / कुलपति इस अवसर के अनुरूप शब्दों द्वारा मुख्य-वक्ता का परिचय देंगे तथा उन्हें दीक्षांत-संबोधन हेतु आमंत्रित करेंगे। यदि अध्यक्ष चाहें तो यह संबोधन पदकों के वितरण समापन के बाद किया जा सकता है।

ज) इसके बाद कुलपति विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

झ) अधिकारी मानद उपाधियों /अन्य उपाधियों/प्रमाण पत्रों/ पदकों को प्राप्त करने हेतु उपस्थित प्राप्तकर्ताओं को अनुच्छेद 8 में दर्शाये क्रम के अनुसार प्रस्तुत करेंगे और कुलपति उन्हें संबंधित उपाधि प्रदान करेंगे।

ञ) कुलदेशिक(चीफ रेक्टर) दीक्षांत को संबोधित करेंगे।

ट) कुलाधिपति अपना अध्यक्षीय संबोधन देंगे/देंगी।

ठ) दीक्षांत के समापन हेतु कुलसचिव धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। कुलाधिपति अथवा कुलपति जो भी अध्यक्षता कर रहे हों, कहेंगे, "मैं दीक्षांत-समारोहसम्पन्न होने की घोषणा करता हूँ।"

ड) इसके बाद राष्ट्रगान गाया जायेगा, इस दौरान दीक्षांत के सभी सदस्य एवं दर्शक खड़े रहेंगे।

ढ) आखिर में जुलूस दीक्षांत-कक्ष से उसी क्रम में विदा होगा, जिस क्रम में उसने प्रवेश किया था। जुलूस के दीक्षांत कक्ष छोड़ देने तकसभी उपाधि-प्राप्तकर्ता तथा दर्शक खड़े रहेंगे।

अध्यादेश बी-9

विश्वविद्यालय एवं उसके महाविद्यालयों के मध्य अनुशासन बनाए रखने और समुचित आचार हेतु अनुशासन समिति के संदर्भ में

(त्रिपुरा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 के अनुच्छेद 31(1) के अधीन संविधि 29 के खंड (1),(6)और (7) में पढ़ा जाय)

1. शीर्षक:

विश्वविद्यालय और संबंधित महाविद्यालयों के छात्रों में अनुशासन बनाए रखने एवं समुचित आचार हेतु विश्वविद्यालय में एक अनुशासन समिति होगी।

2. सदस्य:

अनुशासन समिति निम्न सदस्यों द्वारा निर्मित होगी

1.	कुलपति	-अध्यक्ष
2.	समकुलपति	-सदस्य
3.	संकायों के अध्यक्ष	- सदस्य
4.	अधिष्ठाता, छात्र कल्याण	
5.	छात्रावास वार्डन (विशेष आमंत्रित,यदि छात्रावास से संबंधित मुद्दा बैठक में रखा जाता है।)	- सदस्य
6.	निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद	- सदस्य
7.	परीक्षा नियंत्रक	- सदस्य
8.	कुलानुशासक(प्रोक्टर)	-सदस्य सचिव

3. कार्य एवं अधिकार:

i) घोषणा के रूप में कुछ अनुशासन नियमों का निर्माण करना तथा अनुशासन क्षेत्राधिकार सुनिश्चित करना जिस पर सभी छात्रों से प्रवेश के समय हस्ताक्षर किया जाना है।

ii) कक्षा/कार्यालय/ग्रंथागार/प्रेक्षागृह/परीक्षा केन्द्र में छात्रों के कदाचार से संबंधित अथवा विश्वविद्यालय के शिक्षकों के प्रति अथवा किसी कर्मचारी के प्रति दुर्व्यवहार के मुद्दों पर विचार करना।

iii) विश्वविद्यालय में अनुशासन संबंधी सम्पूर्ण स्थिति की समय समय पर समीक्षा करना।

iv) कुलानुशासक/छात्रावास वार्डन द्वारा की गई कार्यवाहियों पर विचार कर समिति उसकी पुष्टि कर सकती है या निर्णय में परिवर्तन कर सकती है।

4. विवाद प्रकरण:

अनुशासन समिति का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।

5. गणपूर्ति(कोरम):

बैठक में कुल सदस्यों की एक तिहाई सदस्यों की उपस्थि

ओ. एस. अधिकारी, कुलसचिव

[विज्ञापन- III/4/असा./297 (380-बी)]

TRIPURA UNIVERSITY

NOTIFICATION

Tripura, the 11th November, 2016

No. F. 37-3/2009-Desk(U).—The following is published for general information :—

THE FIRST ORDINANCES

(Under the Tripura University Act, 2006; No. 9 of 2007)

(As approved by the Ministry of Human Resource Development, New Delhi

Vide No. F. 37-3/2009-Desk(U) dated 1st May, 2012)

Ordinance A-1

On the assignment of Departments/Centres to the Board of Faculties of Studies

(Under Subsection 31 (1) (P) of the TU Act, 2006 read with Clause 5(a) of Statute 15)

The Departments/ Centres mentioned under each faculty shall be assigned to that faculty as and when they are established:

1. The Faculty of Literature:

i. Department of English

ii. Department of Bengali

iii. Department of Hindi

iv. Department of Sanskrit

v. Department of Linguistics

vi. Department of Comparative Literature

vii. Centre for Kokborok and Tribal Languages

2. **The Faculty of Natural Sciences:**

i. Department of Physics

ii. Department of Chemistry

iii. Department of Mathematics

iv. Department of Statistics

v. Department of Botany

vi. Department of Zoology

vii. Department of Human Physiology

viii. Department of Geography and Disaster Management

3. The Faculty of Social Sciences

i. Department of Applied and Analytical Economics

ii. Department of History

iii. Department of Political Science

iv. Department of Philosophy

v. Department of Sociology

vi. Department of Public Administration

vii. Department of Psychology

viii. Department of Rural Management and Development

ix. Department of Education

x. Department of Gandhian Studies

xi. Centre for Women Studies

xii. Centre for Tribal Studies

xiii. Centre for Study of social Exclusion and Inclusive Policy

4. The Faculty of Medical Sciences

i. Department of Anatomy

ii. Department of Pharmacology

iii. Department of Physiology

iv. Department of Medicine

v. Department of Pediatrics

vi. Department of Medical Biochemistry

vii. Department of Obstetrics & Gynecology

IndiaCode

viii. Department of Pharmacy

ix. Department of Eye, Nose and Throat

x. Department of Dermatology and Venereology

xi. Department of Surgery

xii. Department of Forensic Science

xiii. Department of Psychiatry

xiv. Department of Nursing

xv. Centre for Human Genetic Diseases and Immunological Studies

xvi. Centre of Exploration of Herbal Drugs

5. The Faculty of Commerce, Law, Management and Information Science:

i. Department of Commerce

ii. Department of Business Management

iii. Department of Law

iv. Department of Library and Information Science

v. Department of Journalism and Mass Communication

6. The Faculty of Engineering and Technology:

i. Department of Computer Science & Engineering

ii. Department of Computer Applications

iii. Department of Electrical Engineering

iv. Department of Mechanical Engineering

v. Department of Civil Engineering

vi. Department of Electronics and Communication in Engineering

vii. Department of Production & Industrial Engineering

viii. Department of Information Technology

7. The Faculty of Agricultural and Animal Sciences & Forestry:

i. Department of Agriculture

ii. Department of Forestry and Biodiversity

iii. Department of Horticulture

iv. Department of Fishery

v. Department of Veterinary and Animal Sciences

8. The Faculty of Music and Fine Arts:

i. Department of Music

ii. Department of Fine Arts

9. The Faculty of Physical Education:

i. Department of Physical Education

10. The Faculty of Interdisciplinary and Applied Sciences:

i. Department of Biochemistry

ii. Department of Microbiology

IndiaCode

iii. Department of Molecular Biology and Bioinformatics

iv. Department of Food technology and Food Processing

v. Department of Biotechnology

vi. Department of Ecology and Environmental Science

vii. Department of Polymer Science

And, any other Department that may be approved by the Academic Council and Executive Council of University from time to time.

Ordinance A-2

On the Board of Faculty of Studies

(Under Section 31(1) (j) of the TU Act, 2006 read with

Clause (3) of Statute 15)

1. Construction:

The Board of the Faculty of Studies shall consists of

i. The Dean of the Faculty;

ii. The Heads of the Departments/ Centres in the Faculty;

iii. All Professors in the Faculty;

iv. One Associate Professor and one Assistant Professor from each of the Departments/ Centres by rotation on the basis of seniority;

v. Two teachers of the concerned departments of the faculty from affiliated colleges to be nominated by the Vice-Chancellors on the basis of seniority in college service;

vi. Five persons nominated by the Academic Council who have specialized knowledge and expertise in the subjects (of the faculty) and who are not employees of the University or of any of its affiliated or recognized institutions' and

